दिनांक—13.03.2024 समय—2.10पीएम

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

पीएम—सूरज राष्ट्रीय पोर्टल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम 4 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सामाजिक उत्थान एवं रोजगार आधारित जनकल्याण—पीएम—सूरज राष्ट्रीय पोर्टल का शुभारंभ करेंगे और देश के वंचित वर्गों के एक लाख उद्यमियों के लिए ऋण सहायता स्वीकृत करेंगे। इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और स्वच्छता कार्यकर्ताओं सहित वंचित समूहों के विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ बातचीत करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यक्रम के दौरान मशीनी स्वच्छता व्यवस्था के लिए राष्ट्रीय कार्रवाई—नमस्ते योजना के अंतर्गत सीवर और सेप्टिक टैंक श्रमिकों को आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड और पीपीई किट भी वितरित करेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी योजनाओं के वंचित समूहों के लगभग 3 लाख लाभार्थी भाग लेंगे, जो देश भर के 500 से अधिक जिलों से कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। श्री मोदी वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से इंदौर के एक हितग्राही से चर्चा भी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव धार जिले से इस कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम उदय रंजन क्लब सभास्थल पर आयोजित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री मंडीदीप

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मण्डीदीप में आयोजित कार्यक्रम में 65.53 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन व शिलान्यास कर क्षेत्र में विकास की विभिन्न सौगातें दीं। इस अवसर पर कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधायक सुरेन्द्र पटवा एवं अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्मयमंत्री ने कहा कि . भोजपुर का विशाल शिवलिंग, हमारे स्थापत्य का एक अलग प्रमाण दुनिया के सामने प्रकट करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश नंबर-1 राज्य के रूप में स्थापित होगा। सभी क्षेत्रों में समान रूप से विकास के सारे दरवाजे खोलते हुए निरंतर विकास के लिए कार्य किए जा रहे हैं। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ.

मोहन यादव मंडीदीप में आयोजित 'जन आभार यात्रा'में शामिल हुए। इसके बाद मुख्यमंत्री सागर में पीटीसी ग्राउंड पर आयोजित वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी विश्वविद्यालय सागर के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं।

गेंहू उपार्जन

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन की अवधि बढ़ा दी गयी है। अब रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसान 16 मार्च तक पंजीयन करा सकेंगे। पूर्व में पंजीयन की तारीख 10 मार्च थी। खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने पंजीयन वृद्धि संबंधी आदेश जारी कर दिये हैं।

मौसम

प्रदेश में मार्च में ही गर्मी तेवर दिखाने लगी है। कल कई शहरों में तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। भोपाल में इस सीजन में पहली बार दिन का तापमान 35.3 डिग्री दर्ज किया गया। मंडला और दमोह प्रदेश में सबसे गर्म रहे। यहां दिन का तापमान 36.6 डिग्री रहा। नरसिंहपुर, नर्मदापुरम, रतलाम और सिवनी में भी पारा 36 डिग्री या इससे अधिक रहा। पश्चिमी विक्षोभ का असर समाप्त होते ही प्रदेश में गर्मी तेवर दिखाने लगी है। प्रदेश के अधिकांश जिलों में तापमान बढ़ने लगा है। मंगलवार को प्रदेश का हिल स्टेशन पचमढ़ी सबसे ठंडा रहा। यहां दिन का तापमान सबसे कम 29.4 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले दो दिन तक प्रदेश में हल्के बादल छा सकते हैं। इससे तापमान में गिरावट भी हो सकती है। माह के दूसरे पखवाड़े में गर्मी के तेवर फिर से तीखे हो सकते हैं।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- गुना जिले में कलेक्टर द्वारा गिरते भू-जल स्तर के कारण समस्त तहसीलों एवं नगर पालिका के सभी वार्डो में पेयजल के प्रयोजन के लिए नवीन निजी नलकूपों के खनन पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के आदेश जारी किए गए हैं।
- शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय आगरमालवा में कल निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में 112 रोगियों की जांच कर निःशुल्क आयुर्वेद औषधि वितरित की गई।

- सतना जिले में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत मत्स्य पालन से जुडे कृषकों अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने के लिए इच्छुक व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किये गये है।
- जबलपुर जिले के वेयरहाउस लॉजिस्टिक कार्पोरेशन ने नियम के मुताबिक रखरखाव और दवाई की व्यवस्था न होने के कारण 100 से अधिक वेयरहाउस को ब्लैकलिस्ट करने के बाद हाईकोर्ट ने पूरी कार्रवाई की रिपोर्ट एक माह में मांगी है।
- नर्मदापुरम जिले की केन्द्रीय जेल में महिला बंदियो के लिए स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। जेल अधीक्षक ने बताया कि शिविर में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों ने 72 महिला बंदियो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।